भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**मौखिक प्रश्न सं. *326**

जिसका उत्तर 18.03.2021 को दिया जाना है

**राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं**

*326. श्रीमती भावना गवली (पाटील):

श्री संजय जाधव:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, गुजरात तथा छत्तीसगढ़ राज्य में 2022 से 2024 तक की अवधि के दौरान राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) के प्रस्तावित कार्य का ब्यौरा क्या है;

(ख) उपरोक्त राज्यों में उक्त कार्यों के लिये नवंबर-दिसंबर 2020 एवं जनवरी, 2021 में जारी की गई निविदाओं का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की उन कार्यों को ठेका न देने की कोई नीति है जिनकी लागत अनुमानित लागत से अधिक है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ड.) यदि नहीं, तो जारी की गई उन निविदाओं का ब्यौरा क्या है जिनकी लागत वर्ष 2019 एवं 2020 के दौरान अनुमानित लागत से अधिक थी?

**उत्तर**

**सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री**
**(श्री नितिन जयराम गडकरी)**

**(क) से (ड.):** एक विवरण सदन के पटल पर रखा जाता है।

**'राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं' के संबंध में श्रीमती भावना गवली (पाटील) और श्री संजय जाधव द्वारा पूछे गए दिनांक 18.03.2021 के लोक सभा मौखिक प्रश्न सं. *326 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

---

(क): विभिन्न राज्यों में राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास कार्य की शुरूआत संपर्कता की आवश्यकता, अंतर-पारस्परिकता, यातायात घनत्व और उपलब्ध संसाधनों के अनुसार की जाती है। राज्य विशिष्ट प्रस्तावों को सामान्यत: वार्षिक योजना के अंतर्गत शुरू किया जाता है और 2022 से 2024 के लिए वार्षिक योजना को अंतिम रूप नहीं दिया गया है।

(ख): नवंबर-दिसंबर, 2020 और जनवरी, 2021 में उक्त 6 राज्यों में राष्ट्रीय राजमार्ग कार्य के लिए सौंपी गई निविदा का विवरण अनुबंध-। पर दिया गया है।

(ग): प्राक्कलित लागत के अतिरिक्त प्राप्त बोलियों को सीधे अस्वीकृत नहीं किया जाता है। प्राप्त बोलियों की जांच इसके औचित्य का पता लगाने के लिए की जाती है। सफल बोली लगाने वाले की उद्धृत लागत के औचित्य पर निर्भर करते हुए स्वीकार्यता या अस्वीकार्यता पर निर्णय लिया जाता है।

(घ): लागू नहीं।

(ड.): एनएचएआई द्वारा सौंपी गई निविदा का विवरण जो 2019-2020 के दौरान प्राक्कलित लागत से अधिक थे, का विवरण अनुबंध-।। पर दिया गया है।

**<u>अनुबंध-I</u>**

**'राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं' के संबंध में श्रीमती भावना गवली (पाटील) और श्री संजय जाधव द्वारा पूछे गए दिनांक 18.03.2021 के लोक सभा मौखिक प्रश्न सं. *326 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

---

नवंबर-दिसंबर, 2020 और जनवरी, 2021 में उक्त 6 राज्यों में राष्ट्रीय राजमार्ग कार्य के लिए सौंपी गई निविदाओं का विवरण।

| **महीना** | **राज्य** | **संख्या** | **लंबाई (किमी)** | **स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में)** |
|---|---|---|---|---|
| **नवंबर-20** | छत्तीसगढ | 3 | 67.42 | 59.01 |
| | कर्नाटक | 1 | 12.5 | 90.27 |
| | मध्य प्रदेश | 4 | 70.3 | 895.36 |
| | महाराष्ट्र | 3 | 12.3 | 135.33 |
| | गुजरात | 4 | 109.02 | 3367.17 |
| **दिसंबर-20** | कर्नाटक | 3 | 78.18 | 583.7 |
| | राजस्थान | 1 | 8.3 | 1549.16 |
| | महाराष्ट्र | 1 | 0 | 404.33 |
| | गुजरात | 1 | 50.4 | 768.41 |
| **जनवरी-21** | छत्तीसगढ | 2 | 0 | 22.36 |
| | कर्नाटक | 3 | 56.73 | 683.48 |
| | मध्य प्रदेश | 6 | 85.1 | 254.99 |
| **कुल** | | **32** | **550** | **8814** |

**<u>अनुबंध-II</u>**

**'राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं' के संबंध में श्रीमती भावना गवली (पाटील) और श्री संजय जाधव द्वारा पूछे गए दिनांक 18.03.2021 के लोक सभा मौखिक प्रश्न सं. *326 के भाग (ङ.) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

---

एनएचएआई द्वारा सौंपी गई निविदाओं का विवरण जो 2019-2020 के दौरान प्राक्कलित लागत से अधिक थे।

| वर्ष | संख्या | लंबाई (किमी में) | सौंपी गई लागत (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|
| 2019 | 20 | 555 | 16364 |
| 2020 | 6 | 154 | 8940 |

*****